# प्रदेश में स्टार्ट-अप को बढ़ावा मिलेगा: योगी

राज्य मुख्यालय | **विशेष संवाददाता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सतत विकास के लक्ष्य इंडेक्स में और बेहतर स्कोर किया जाए। इसके लिए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर तथा स्टार्ट-अप को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि इण्डेक्स 2020 में उत्तर प्रदेश 60 अंकों के साथ परफॉर्मर स्टेट के रूप में आगे आया है, जबकि वर्ष 2019 व वर्ष 2018 में प्रदेश के क्रमशः 55 एवं 42 अंक थे। सीएम ने कहा कि विभागीय स्तर पर लक्ष्यों का निर्धारण करते हुए उन्हें प्राप्त करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जाएं।

## कन्या सुमंगला योजना का लाभ 7.81 लाख को

'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' के तहत अभी तक 7.81 लाख बालिकाओं को लाभ दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुमंगला योजना को पात्र बालिकाओं तक पहुंचाने के लिए तेजी से काम करने के निर्देश दिए हैं।

**वृद्धजनों का फोन कर हालचाल लिया जाए:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सीएम हेल्पलाइन से रोजाना 100 वृद्धजनों का फोन कर हालचाल लिया जाए। लोगों की संतुष्टि ही अफसरों की कुशलता का मानक है।